Attachement 2.3

संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

परियोजना का नाम जनपद चमोली में परखाल–केदारकोट मोटर मार्ग के किमी0 13 से ग्राम कुश व कुशदेव महादेव हेतु मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.753 हे0 वन पंचायत, कुल 1.753 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

आज दिनॉक 27/12/2014 को लोक निर्माण विभाग के द्वारा जनपद चमोली में परखाल–केदारकोट मोटर मार्ग के किमी0 13 से ग्राम कुश व कुशदेव महादेव हेतु मोटर मार्ग हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। सयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री राम लाल, वन दरोगा , राजस्व विभाग की ओर से श्री विनोद कुमार राजस्व उपनिरीक्षक , प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री धीरेन्द्र कुमार लोशाली, सहायक अभियन्ता, श्री जगमोहन मेहरा, कनिष्ठ अभियन्ता अन्य दावेदारों की ओर से स्थानीय ग्रामीण तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान भगोटा के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 2000 (मी0) वन पंचायत से, वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.753 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.753 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 175 वृक्ष बांज, अंयार, काफल, चीड, जामुन, रूईण कुकाट, आंवला, कलमुड़ा कुकाट, मवा कुकाट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 46 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 2500 मी0 वन पंचायत भूमि, प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.150 हे0 वन पंचायत, वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमे से कुल 2.150 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 202 वृक्ष बांज, अंयार, काफल, चीड, जामुन, रूईण कुकाट, आंवला, कलमुड़ा कुकाट, मवा कुकाट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 80 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली सिविल तथा वन पंचायत भूमि पर बांज, अंयार, काफल, चीड, जामुन, रूईण कुकाट, आंवला, कलमुड़ा कुकाट, मवा कुकाट प्रजाति के वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन .... है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान 30 10' 59.38" उ0, 79 22' 58.49" पू0 है तथा यह स्थल भंगोटा से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल कुश है जिसका जी0पी0एस0 मान 30 11' 13.68" उ0, 79 23' 39.41" पू0 है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के जी0पी0एस0 मान 30 10' 48.75" उ0, 79 23' 2.43" पू0 हैं।

चयनित समरेखन में शून्य पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate) किया जाना आवश्यक होगा । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है । चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु किमी0 1 में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 10' 58.11" उ0, 79 22' 58.74" पू0 / 30 10' 48.75" उ0, 79 23' 2.43" पू0 हैं।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली, (चमोली)

(राजस्व विभाग प्रतिनिधि)

वन क्षेत्राधिकारी
(वन विभाग प्रतिनिधि)
नारायणबगड

तहसीलदार
थराली

उप जिलाधिकारी
थराली (चमोली)

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी
चमोली

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी
गोपेश्वर (चमोली)